## महत्वपूर्ण एवं खास

### बिजली तार की चपेट में आने से एक युवक की मौत

खरसिया। कल शाम की घटना खुले बिजली तार की चपेट में



आने 23 वर्षीय युवक शंकर लाल मांझी की मौके पर हुई मौत, उक्त क्रेशर आड़पथरा खरसिया में आलोक अग्रवाल का है उक्त क्रेशर युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए खरसिया सिविल अस्पताल लाया गया है जहां से पुलिस को सूचना दे कर मर्ग कायम किया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। बताया जा रहा है की एम्बुलेंस में लाश को क्रेशर संचालक के घर ले गए वहां मृतक को 10 लाख मुआवजा दिलाने की मांग पर ग्रामीणों अड़े हैं।

### दो स्थायी वारंटी नक्सली गिरफ्तार

सुकमा (आरएनएस)। सुकमा जिले की कूकानार थाना पुलिस ने दबिश देकर दो स्थायी वारंटी नक्सलियों को गिरफ्तार किया है, जो आधा दर्जन संगीन वारदातों में शामिल रहे हैं।
बस्तर आईजी विवेकानंद सिंहा ने बताया कि नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना पर था कुकानार से थाना प्रभारी नितेश ठाकुर एवं 226 वाहिनी सीआरपीएफ की संयुक्त पार्टी एरिया डोमिनेशन, नक्सली धरपकड़ के लिए ग्राम पेदारास की ओर रवाना हुए थे। अभियान के दौरान ग्राम पेदारास साप्ताहिक बाजार में दबिश देकर 2 स्थायी वारंटी नक्सली मुचाकी कुम्मा तथा मुचाकी मुड़ा को पकड़ा गया।
आरोपी मुचाकी कुम्मा थाना कुकानार क्षेत्रांतर्गत 6 अगस्त 2017 को ग्राम पाण्डुपारा जंगल, पहाड़ी में आम नागरिकों से लूट करने, 27 सितंबर 2017 को ग्राम जोंगेरास नाला के पास पुलिस गस्त पार्टी पर फायरिंग करने एवं 21 नवंबर 2017 को ग्राम जोंगेरास मंदिर के सामने आईईडी लगाने की घटनाओं में शामिल था। इसी प्रकार आरोपी मुचाकी मुड़ा, थाना कुकानार क्षेत्रांतर्गत 19 मार्च 2014 को ग्राम मेखावाया के पास सड़क निर्माण कार्य में लगे जेसीबी वाहन में आगजनी करने एवं 6 अगस्त 2017 को ग्राम पाण्डुपारा जंगल, पहाड़ी में आम नागरिकों से लूट करने की घटनाओं में शामिल था।

### आज खुलेंगे कपाट, कोच्चि एयरपोर्ट पर फंसी तृप्ति, कई इलाकों में धारा 144 लागू

कोच्चि। सबरीमाला मंदिर जाने के लिए शुक्रवार तड़के केरल के कोच्चि पहुंची महिला कार्यकर्ता तृप्ति देसाई को हवाई अड्डे पर भारी विरोध प्रदर्शन का सामना करना पड़ा। गुस्से में प्रदर्शनकारियों ने उनका रास्ता रोक दिया। वहीं, निलक्कल, पांबा और सन्नीधनम में धारा 144 को लागू कर दिया गया है।
पुणे से सुबह पांच बजे इंडिगो फ्लाइट से पहुंची देसाई को एयरपोर्ट से बाहर जाने की इजाजत नहीं दी गई। सड़कों पर उतरकर प्रदर्शनकारियों ने पुलिस से कहा कि वे देसाई को वहां से लेकर जाएं नहीं तो पूरे इलाके में तनाव बढ़ जाएगा। हालांकि, पुलिस ने देसाई को एक होटल में शिफ्ट करने की कोशिश की लेकिन प्रदर्शनकारियों ने उसे एयरपोर्ट से बाहर निकालने से इनकार करते हुए उसे वापस जाने को कहा।

### जियो ने सभी कंपनियों को पछाड़ा, सर्वे में हुआ खुलासा

नई दिल्ली। जियो को छोड़कर अन्य सभी दूरसंचार आपरेटर भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) द्वारा राजमार्गों और रेल मार्गों पर किए गए कॉल ड्रॉप (बात करते करते कॉल कटना) परीक्षण में विफल हो गए हैं। बृहस्पतिवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।
ट्राई ने कहा कि उसके द्वारा नियुक्त एजेंसी ने आठ राजमार्गों तथा तीन रेल मार्गों पर स्वतंत्र कॉल ड्रॉप परीक्षण किया। भारती एयरटेल, वोडाफोन आइडिया और सार्वजनिक क्षेत्र की दूरसंचार कंपनी बीएसएनएल के 3जी और 2जी नेटवर्क चार राजमार्गों और तीन रेल मार्गों पर कॉल ड्रॉप मानक पर विफल रहे। कॉल ड्रॉप में विफल रही कंपनियों में रिलायंस जियो का नाम नहीं है।


## तत्काल आवश्यकता है

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

## ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग


वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन "हेडलबर्ग" से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिंग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें ....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400


# विजय का साथ पड़ा भारी, 6 पार्षद समेत 8 नेता निलंबित

रायगढ़। विस चुनाव में पार्टी से बागी होकर निर्दलीय चुनाव लड़ने वाले विजय अग्रवाल का साथ देना भाजपा नेताओं को भारी पड़ा है। पार्टी विरोधी गतिविधियों एवं निर्दलीय प्रत्याशी के प्रचार में संलिप्त पाए जाने पर पार्टी ने निगम के 6 वरिष्ठ पार्षद समेत 8 नेताओं को बाहर का रास्ता दिखा दिया है और भाजपा से निलंबित कर दिया है।
भाजपा ने विस चुनाव से पहले ही पार्टी को नुकसान पहुंचा रहे नेताओं को बाहर कर दिया है। विस में टिकट नहीं मिलने से नाराज होकर पूर्व विधायक विजय अग्रवाल ने 24 घंटे के भीतर ही बगावत कर दी थी और अपने खेमे के पार्षदों एवं नेताओं के साथ पार्टी से इस्तीफा देकर चुनाव लड़ने का एलान कर दिया था। विजय के निर्दलीय चुनाव लड़ने के एलान के बाद निगम के 6 वरिष्ठ पार्षदों ने इस्तीफा दे दिया था और नामांकन के बाद से सारे नेता भाजपा की जगह बागी विजय का ही साथ देकर टीवी छाप में चुनाव प्रचार प्रसार कर रहे हैं। जिसके बाद भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने दंडात्मक कार्वाई की है और विजय अग्रवाल को निलंबित करने के बाद उनका साथ दे रहे सारे पार्षदों एवं 2 पदाधिकारियों को निलंबित कर दिया है। आदेश के अनुसार निगम में वरिष्ठ पार्षद अशोक यादव, दीपेश सोलंकी, कौशलेस मिश्रा, मुक्तिनाथ बबुआ, लक्ष्मण महिलाने एवं अरूण गुरूजी पर निलंबन की कार्रवाई की गई है। इसके अलावा किसान मोर्चा के मनोज प्रधान एवं सरिया मंडल के महामंत्री कैलाश पंडा को भी निलंबित किया गया है।

## राम मंदिर नहीं बना तो देश में साम्प्रदायिक माहौल गर्माएगा



नई दिल्ली। योग गुरु बाबा रामदेव ने कहा है कि राम मंदिर नहीं बना तो देश में साम्प्रदायिक माहौल गर्माएगा और उससे सामाजिक वैमनस्य पैदा होगा। बाबा ने कहा कि इससे से देश को नुकसान होने की आशंका है। बाबा ने कहा कि राम मंदिर के मसले पर हमें अभी नहीं तो कभी नहीं के कॉन्सेप्ट पर काम करना होगा। वाराणसी में पतंजलि फैशन स्टोर की ऐड फिल्म शूट करने पहुंचे बाबा रामदेव ने मणिकर्णिका घाट स्थित सतुआ बाबा आश्रम में एक पुस्तक के विमोचन के दौरान मीडिया से मुखातिब थे।
बाबा रामदेव ने राम मंदिर के मुद्दे पर कहा कि ये मामला समझौते का दौर निकल चुका है, अब संसद में कानून लाओ और मंदिर बनाओ और अभी नहीं तो कभी नहीं के प्रावधान पर ही हमें काम करना होगा। बाबा रामदेव ने बाबरी मस्जिद के मुस्लिम पक्षकार द्वारा कोर्ट से सुरक्षा की गुहार पर अपनी प्रतिक्रिया दी. बाबा ने कहा कि भारत देश में हिन्दू और मुसलमान किसी को कोई खतरा नहीं है क्योंकि अहिंसा और प्रेम हमारे देश के मूल तत्व हैं, इसलिए मज़हबी उन्माद राष्ट्र में नहीं है. बाबा ने कहा कि कि यदि राम मंदिर नहीं बना तो देश में एक साम्प्रदायिक माहौल गर्म होगा।

## टीचर ने अनोखे तरीके से 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' स्लोगन लिखवाकर शादी का कार्ड छपवाया

लखनऊ। हम सब ने बेटियों को बचाने और पढ़ने के लिए कई कहानियां और स्लोगन सुने और पढ़ें हैं. वहीं एक शख्स ने अनोखे तरीके से 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' स्लोगन लिखवाकर समाज को एक नया संदेश दिया है. उत्तर प्रदेश के शिक्षक ने सामाजिक मुद्दों के बारे में जागरूकता फैलाने का एक नया तरीका निकाला है.
दरअसल उन्होंने अपनी शादी के कार्ड में 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' स्लोगन लिखवाया है. ताकि जो भी







मेहमान उनके कार्ड को देखें तो उन्हें समझ आए कि समाज में बेटियों का क्या महत्व है।
जहां लोग शादी के कार्ड में काफी कुछ लिखवाते और सजावट करवाते हैं. वहीं उन्होंने शादी के कार्ड को फैंसी रखने के बजाय 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' लिखना ही सही समझा।
ताकि वह समाज को एक मैसेज दे सके. बता दें, यूपी के इस शिक्षक का नाम मोहम्मद अक़िल है. उन्होंने करीब 300 लोगों को निमंत्रण भेजा है. वह मौलाना आजाद इंटर-कॉलेज, संत कबीर नगर में सहायक शिक्षक हैं. 30 साल मोहम्मद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की द्वारा बालिका को शिक्षित करने के लिए शुरू किए गए अभियान का समर्थन कर रहे हैं. ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग जागरूक हो सकें.
मोहम्मद ने बताया, लोग इन दिनों बिना किसी जरूरी संदेश के साथ फैंसी शादी के निमंत्रण कार्ड चुनते हैं.

## बेरोजगारी भत्ता पाने के लिए 30 नवंबर तक करें अप्लाई, ये होगी शर्त

फरीदाबाद। हरियाणा में बेरोजगार घूम रहे युवाओं के लिए खुशखबरी है। सरकार जिन युवाओं को नौकरी नहीं दे पाई है उन्हें उसके बदले बेरोजगारी भत्ता देने जा रही है।
जानकारी के अनुसार, फरीदाबाद जिले में जिन बारहवीं, स्नातक, स्नातकोत्तर पास बेरोजगार प्रार्थियों ने अपने नाम रोजगार कार्यालय में बेरोजगारी भत्ता लेने के लिए दर्ज करवा रखे हैं और उनके तीन साल पूरे हो चुके हैं वे



भत्ता पाने के ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।
फरीदाबाद के उपायुक्त अतुल कुमार द्विवेदी ने बताया कि जिन युवाओं ने अपना बेरोजगारी भत्ता प्राप्त करने के लिए रोजगार विभाग की वेबसाइट पर पंजीकरण कराया हुआ है वे ऑनलाइन आवेदन 30 नवंबर तक कर सकते हैं। जिससे कि उन्हें बेरोजगारी भत्ता निर्धारित समय पर मिलना सुनिश्चित हो सके और बेरोजगारों को किसी प्रकार की कोई दिक्कत का सामना नहीं करना पड़े।

## पुलिस नक्सलियों के बीच मुठभेड़, कोई हताहत नही

बीजापुर (आरएनएस)। जिले के आवापल्ली थाना क्षेत्र में



एरिया डोमिनेशन के लिए निकले जवानों के साथ नक्सलियों की मुठभेड़ हो गई, किन्तु मुठभेड़ में किसी के हताहत होने की खबर नही है।

## प्रखर कुमार ने लगाया मीजल्स एवं रूबैला का टीका



रायगढ़। रायगढ़ के नर्सरी में अध्ययनरत 4 वर्षीय नन्हें बालक प्रखर कुमार ने मीजल्स एवं रूबैला का टीका लगवाया।

## 19 और 20 नवंबर को प्रिंट मीडिया में राजनीतिक विज्ञापनों का कराना होगा पूर्व प्रमाणीकरण

### मतदाताओं को भ्रमित करने वाले विज्ञापनों पर होगी रोक

रायगढ़। निर्वाचन आयोग की ओर से इलेक्ट्रानिक और सोशल मीडिया के साथ ही प्रिंट मीडिया में राजनीतिक विज्ञापनों के दुरूपयोग को रोकने के लिए व्यापक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। दूसरे चरण के मतदान के दौरान मतदान दिवस और एक दिन पूर्व प्रिंट मीडिया में राजनीतिक विज्ञापनों के प्रकाशन पूर्व जिला अथवा राज्य स्तरीय मीडिया प्रमाणन समिति से अधिप्रमाणन प्री सर्टिफिकेशन अनिवार्य किया गया है।
निर्वाचन आयोग द्वारा जारी परिपत्र में कहा गया है कि 20 नवम्बर को होने वाले दूसरे चरण के मतदान के दिन तथा उसके पहले दिन 19 नवम्बर को प्रत्याशी, राजनीतिक दल अथवा कोई भी अन्य संगठन राजनीतिक विज्ञापन प्रिंट माध्यमों में प्रकाशित करने के पूर्व मीडिया प्रमाणन समिति से पूर्व प्रमाणन सुनिश्चित करेगा।
इसके लिए आयोग द्वारा जिला तथा राज्य मीडिया प्रमाणन समिति को प्रमाणन हेतु प्राप्त आवेदन पर त्वरित निर्णय का निर्देश दिया गया है। अपने परिपत्र में आयोग ने कहा है कि भ्रमित करने वाले विज्ञापनों के प्रकाशन के बाद वे दल अथवा प्रत्याशी जो इससे प्रभावित होते हैं के पास किसी भी प्रकार की सफाई अथवा खंडन का अवसर नहीं होता ऐसे में विज्ञापनों का पूर्व प्रमाणन ही सही विकल्प है।

### मतदान समाप्ति से 48 घंटे पूर्व शराब दुकान रहेंगी बंद

रायगढ़। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती शम्मी आबिदी ने आबकारी अधिनियम की उपधारा में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए विधानसभा निर्वाचन 2018 के समय मतदान समाप्ति के लिए नियत समय के 48 घंटे पूर्व से अर्थात 18 नवंबर 2018 को सायंकाल 5 बजे से 20 नवंबर 2018 के सायंकाल 5 बजे तक जिले के समस्त देशी मदिरा (सी.एस.-2 घ)तथा विदेशी मदिरा (एफ. एल.-1 घ, एफ. एल.-3 होटल बार) दुकानें एवं भण्डारण भाण्डागार पूर्णतः बंद रखने हेतु शुष्क दिवस घोषित किया है।


## न्यायसाक्षी समाचार-पत्र की

खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।

स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

**Social Justice Union**
Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

## अधिकार से न्याय तक

**आवश्यकता** इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यका, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां** मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु** प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

**पीड़ित संपर्क करें** संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए ....
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU


स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO.-CHHHIN16931